हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 24 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लचित दिवस पर अहोम सेनापति लचित बोरफुकन को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र साहस, देशभक्ति और सच्चे नेतृत्व के प्रतीक लचित बोरफुकन को याद करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी वीरता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। श्री मोदी ने कहा कि लचित बोरफुकन ने असम की अनुकरणीय संस्कृति की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

****

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन किया।

हमारी संवाददाता ने बताया कि यह हरियाणा पवेलियन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से द्रौपदी कूप क्षेत्र में स्थापित किया गया है। इस पवेलियन में जहां युवा कलाकारों द्वारा हरियाणा की लोक कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं हरियाणा की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया है।

रक्षा मंत्री आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमदभगवद गीता सदन में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन भी करेंगे।

इस संगोष्ठी में देश विदेश के विद्वान भाग ले रहे हैं।

कुरुक्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अलावा विदेश मंत्रालय के सहयोग से 50 देशों में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

****

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई। न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया है।

शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

1962 में हरियाणा के हिसार में जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में हिसार जिला न्यायालय में वकालत शुरू की। वे संवैधानिक, सेवा और दीवानी मामलों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कई विश्वविद्यालयों, बोर्डों, निगमों, बैंकों और उच्च न्यायालय का भी प्रतिनिधित्व किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को वर्ष 2000 में हरियाणा का सबसे युवा महाधिवक्ता नियुक्त होने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्हें 2004 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 2018 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य

न्यायाधीश नियुक्त किया गया। उन्हें मई 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया।

****

किसानों के मसीहा कहलाने वाले दीनबंधू छोटूराम को उनकी 144वीं जयंती पर द्वारा उन्हें याद किया गया।

24 नवंबर 1981 को झज्जर जिले के सांपला में किसान परिवार के घर जन्में सर छोटूराम ने तत्कालीक पंजाब सरकार में मंत्रीमण्डल में रहते हुए किसानों के हित में कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम 1938, गिरवी जमीनों की मुफ्त वापिसी अधिनियम 1938, कर्जमाफी अधिनियम 1934 सहित किसानों व मजदूरों के हित में अनेक कानून बनाए जिससे किसान व मजदूरों का उत्थान हुआ।

किसान सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम किसान नेता कामरेड ओमप्रकाश, जयभगवान शर्मा, विरेंद्र किरोड़ी व संतोष देशवाल ने साहूकार के चंगुल से किसानों व मजदूरों को बचाने में उनकी अहम भूमिका को याद किया।

****

फरीदाबाद के डबुआ थाना इलाके में पुलिस ने जांच एवं छानबीन अभियान के दौरान एक मस्जिद से संदिग्ध पाउडर बरामद किया है। जानकारी के अनुसार डबुआ स्थित त्यागी मार्किट की जामा मस्जिद से पुलिस को दो कट्टों और एक पॉलिथीन में सफेद व काले रंग का दानेदार और बारीक पाउडर जैसा पदार्थ मिला है। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने पूरे सामग्री को कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। थाना डबुआ इंचार्ज रणधीर सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में चल रही बड़ी सुरक्षा कार्रवाइयों को देखते हुए पूरे शहर में सतर्कता बढ़ाई गई है। पुलिस लगातार घरों, बाजारों, मस्जिदों, गोदामों और होटलों में जांच कर रही है।

****

अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्व पर अति विशिष्ट व्यक्तियों के आगमन के मद्देनजर कल शाम 3 बजे से 07 बजे तक अंबाला में भारी वाहनो के प्रवेश पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात प्रभावित होने की सूरत में अम्बाला पुलिस ने कुछ रूट बदले हैं।

****

आज पलवल में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित एकता मार्च निकाला गया। जिसमें ने केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम,होडल से विधायक हरेंद्र कुमार,पूर्व विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक प्रवीण डागर,जिला अध्यक्ष विपिन बैसला भी मौजूद रहे।

****